भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4077**

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

## महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्ग

4077. श्री संजय उत्तमराव देशमुखः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है, जिनमें पूरी हो चुकी परियोजनाओं, निर्माणाधीन परियोजनाओं और आगामी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त परियोजनाओं हेतु कुल अनुमानित निवेश कितना है और महाराष्ट्र में उक्त निधि का आवंटन किस प्रकार किया जा रहा है;
(ग) क्या सरकार ने उक्त परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कोई विशिष्ट समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) महाराष्ट्र में उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विलंब को रोकने और चुनौतियों से पार पाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;
(ङ.) यवतमाल-वाशिम लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं चल रही हैं और कितनी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं प्रस्तावित हैं और उक्त परियोजनाओं से स्थानीय जनता को क्या लाभ होने की संभावना है; और
(च) क्या यवतमाल-वाशिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उक्त परियोजनाओं के संबंध में कोई विलंब अथवा बाधा का सामना करना पड़ा है और सरकार द्वारा उक्त मुद्दों के समाधान के लिए तथा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (च) राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है और सरकार यातायात आवश्यकताओं, पारस्परिक प्राथमिकता और धन की समग्र उपलब्धता के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए कार्यों को मंजूरी देती है। पिछले तीन वर्षों में महाराष्ट्र राज्य में 6,568 किलोमीटर लंबाई और 82,990 करोड़ रुपये की लागत वाले कुल 230 राष्ट्रीय राजमार्ग कार्य पूरे किए गए हैं और चालू वर्ष में, महाराष्ट्र राज्य में 3,750 किलोमीटर लंबाई और 78,061 करोड़ रुपये की लागत वाले 146 राष्ट्रीय राजमार्ग कार्य कार्यान्वयन के अधीन हैं। इसमें यवतमाल-वाशिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 391 किलोमीटर लंबाई और 4,360 करोड़ रुपये की लागत वाले 11 पूर्ण हो चुके कार्य और 41 किलोमीटर लंबाई और 694 करोड़ रुपये की लागत वाले 5 कार्य कार्यान्वयन के अधीन हैं।

इन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण से यातायात का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित होगा तथा बेहतर संपर्कता के साथ-साथ यवतमाल-वाशिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र राज्य के समग्र आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे सड़क प्रयोक्ताओं की सुरक्षा में वृद्धि के साथ-साथ यात्रा समय और वाहन परिचालन लागत में भी कमी सुनिश्चित होगी।

भूमि अधिग्रहण और अन्य निर्माण-पूर्व गतिविधियों से संबंधित मुद्दों के साथ-साथ महाराष्ट्र राज्य में कुछ ठेकेदारों के साथ नकदी प्रवाह संबंधी मुद्दों के कारण कुछ कार्यों के कार्यान्वयन में देरी हुई है, जिसमें यवतमाल-वाशिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कार्य भी शामिल हैं।

परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग इंफॉर्मेशन सिस्टम (पीएमआईएस) और डेटा लेक, भूमि राशि पोर्टल (भूमि अधिग्रहण के लिए) जैसे उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाती है। इसके अलावा, इन मुद्दों का समाधान करने और परियोजनाओं का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निष्पादन एजेंसियों के अधिकारियों सहित सभी हितधारकों के साथ विभिन्न स्तरों पर समय-समय पर समीक्षा की जाती है। सभी लंबित मुद्दों का काफी हद तक समाधान कर लिया गया है और कार्यान्वयनाधीन एनएच कार्यों को सितंबर, 2026 में पूरा करने के लिए संशोधित तिथि निर्धारित की गई है।

******